# Hind Atma

Date: 24/09/2021

# आईटीएस डेन्टल कॉलेज मे प्रशिक्षण हेतु डेमन कोर्स के मॉड्यूल 2 का आयोजन

हिन्द आत्मा संवाददाता




**गाजियाबाद।** आईटीएस डेन्टल कॉलेज मुरादनगर गाजियाबाद में ऑर्थोडॉन्टिक्स एण्ड डेंटोफेशियल ऑर्थोपेडिक्स विभाग के द्वारा छात्रों एवं दंत चिकित्सकों को प्रशिक्षित करने के लिए डेमन कोर्स के दूसरे मॉड्यूल का आयोजन दिनांक 22 सितंबर को किया गया।

डेमन सिस्टम दुनिया भर में ऑर्थोडॉन्टिक्स के क्षेत्र में एक नवीनतम तकनीक है। वक्ता डॉ सीएस रामचंद्र के द्वारा इस मॉड्यूल को संबोधित किया गया। वर्तमान में डॉ सीएस रामचंद्र एईसीएस मारूति डेन्टल कॉलेज बैंगलोर के प्रधानाचार्य तथा ऑर्थोडॉन्टिक्स विभाग के एचओडी है। उन्होंने गर्वनमेंट डेन्टल कॉलेज बैंगलोर से ऑर्थोडॉन्टिक्स में अपना मास्टर ऑफ डेन्टल सर्जरी किया है, उन्हें इस क्षेत्र में 30 वर्षो का अनुभव प्राप्त है।उन्होंने डेमन सिस्टम मे गहरी रूचि विकसित की और पिछले 7 वर्षो मे उन्होंने 500 से अधिक मामलों का इलाज भी किया है। इसके साथ ही उन्होंने अपनी पुस्तक श्एटलस डेमन सिस्टम द इंडियन एक्सपीरियंस भी लिखी है।

इस पुस्तक में उन्होंने डेमन सिस्टम का उपयोग करते हुए, अलग-अलग प्रकार के मैल्ऑक्लूषने के 12 मामलों के बारें मे विस्तार से लिखा है। वह भारतीय बोर्ड ऑफ ऑर्थोडॉन्टिक्स के सदस्य भी है।

कार्यशाला की शुरूआत डॉ सीएस रामचंद्र के एक परिचयात्कम व्याख्यान से हुई, जिसमें उन्होंने डेमन सिस्टम के बारे में विस्तृत जानकारी छात्रों को दी। कार्यक्रम में इससे संबंधित लेक्चर, केस चचाओं और लाइव वीडियो के प्रदर्शन की मदद से डेमन सिस्टम समझाया गया। इसके बाद डेमन सिस्टम का उपयोग करते हुए वक्ता द्वारा इलाज मे उपयोग किये जाने वाले मेकेनोथेरेपी का प्रदर्शन और उसका विस्तृत विवरण दिया गया।डॉ रामचंद्र ने सबसे जटिल विषयों को सरल बनाया। सभी छात्रों को इस नई तकनीक को समझने मे कोई कठिनाई नही हुई। कार्यक्रम का उद्देष्य सभी प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करना था।डॉ रामचंद्र ने एमडीएस तथा दंत चिकित्सकों के लिए मंच के आयोजन के लिए आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया। सभी प्रतिभागीयों ने आईटीएस- द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को इस आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

# Dainik Athah

Date: 24/09/2021

## आईटीएस डेन्टल कॉलेज मे छात्रों एवं दंत चिकित्सकों को प्रशिक्षित करने के लिए डेमन कोर्स के मॉड्यूल-2 का आयोजन

### कार्यशाला

- डेमन सिस्टम के बारे में छात्रों को दी गई विस्तृत जानकारी

अथाह संवाददाता



मुरादनगर। आईटीएस डेंटल कॉलेज, मुरादनगर गाजियाबाद में ऑर्थोडॉन्टिक्स एंड डेंटोफेशियल ऑर्थोपेडिक्स विभाग के द्वारा छात्रों एवं दंत चिकित्सकों को प्रशिक्षित करने के लिए डेमन कोर्स के दूसरे मॉड्यूल का आयोजन बुधवार को किया गया।

डेमन सिस्टम दुनिया भर में ऑर्थोडॉन्टिक्स के क्षेत्र में एक नवीनतम तकनीक है। वक्ता डा. सीएस रामचंद्र के द्वारा इस मॉड्यूल को संबोधित किया गया। वर्तमान में डा. सीएस रामचंन्द्र एईसीएस मारुति डेंटल कॉलेज, बैंगलोर के प्रधानाचार्य तथा ऑर्थोडॉन्टिक्स विभाग के एचओडी है। वह भारतीय बोर्ड ऑफ ऑर्थोडॉन्टिक्स के सदस्य भी है। कार्यशाला की शुरूआत डा. सीएस रामचंद्र के एक परिचयात्मक व्याख्यान से हुई जिसमें उन्होंने डेमन सिस्टम के बारे में विस्तृत जानकारी छात्रों को दी। कार्यक्रम में इससे संबंधित लेक्चर, केस चर्चाओं और लाइव वीडियो के प्रदर्शन की मदद से डेमन सिस्टम समझाया गया। इसके बाद डेमन सिस्टम का उपयोग करते हुए वक्ता द्वारा इलाज मे उपयोग किये जाने वाले मेकेनोथेरेपी का प्रदर्शन और उसका विस्तृत विवरण दिया गया। डा. रामचंद्र ने सबसे जटिल विषयों को सरल बनाया जिससे सभी छात्रों को इस नई तकनीक को समझने मे कोई कठिनाई नहीं हुई, जहां प्रत्येक छात्र को इसकी उपयोगिता को सीखने का बेहतर तथा आसान अनुभव प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सभी प्रतिभागियों का मार्गदर्शन तथा उनके अनुभव को बढ़ाना और उनमें सकारात्मक उर्जा प्रदान करना था।

डा. रामचंद्र ने एमडीएस तथा दंत चिकित्सकों के लिए इस जानकारीपूर्ण और ज्ञानवर्धक मंच के आयोजन के लिए आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डा. आरपी चड्ढा तथा वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिये सभी प्रतिभागीयों ने आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डा. आरपी चड्ढा तथा वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

## मोहननगर में मेरिट एंड परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट अवार्ड सेरेमनी



गाजियाबाद (अ.सं.)। आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट मोहननगर द्वारा पीजीडीएम (2020 - 22) सत्र के छात्रों के लिए मेरिट एंड परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। स्वागत समारोह का शुभारम्भ संस्थान के निदेशक प्रो. डीके अग्रवाल, निदेशक पीआर सुरेंद्र सूद एवं पीजीडीएम चेयरपर्सन डॉ अनुपा अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ संपन्न हुआ। निदेशक (पीआर) सुरेंद्र सूद ने निरंतर आगे बढ़ने एवं गुणवत्ता पूर्ण उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित किया। आईटीएस के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा ने प्रतिभागियों के सर्वांगीण विकास और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने उन्हें शुभ कामनाएं दी। पीजीडीएम (2020 -22) सत्र के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय ट्राइमेस्टर प्रतिभागियों को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों हेतु मेरिट अवार्ड एवं परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

**Manasvi Vani**

Date: 24/09/2021

# आईटीएस डेन्टल कॉलेज मे प्रशिक्षित करने के लिए डेमन कोर्स का आयोजन

**मनस्वी वाणी, संवाददाता**

मुरादनगर मेरठ रोड स्थित आईटीएस डेन्टल कॉलेज में ऑर्थोडॉन्टिक्स एण्ड डेंटोफेशियल ऑथोर्पेडिक्स विभाग द्वारा छात्रों एवं दंत चिकित्सकों को प्रशिक्षित करने के लिए डेमन कोर्स का आयोजन किया गया। जिसमें देश भर से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया और आधुनिक तकनीक के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ0 सीएस0 रामचंन्द्र के द्वारा इस मॉड्यूल को संबोधित किया गया। वर्ष 2012 से उन्होंने डेमन सिस्टम मे गहरी रूचि विकसित की और पिछले 7 वर्षो मे उन्होंने 500 से अधिक मामलों का इलाज भी किया है। इसके साथ ही उन्होंने अपनी पुस्तक श्एटलस डेमन सिस्टम द इंडियन एक्सपीरियंस भी लिखी है। इस पुस्तक में उन्होंने डेमन सिस्टम का उपयोग करते हुए, अलग-अलग प्रकार के मैल्ऑक्लूषने के 12 मामलों के बारें मे विस्तार से लिखा है। वह भारतीय बोर्ड ऑफ ऑर्थोडॉन्टिक्स के सदस्य भी है।कार्यशाला की शुरूआत डॉ0 सीएस रामचंन्द्र के एक परिचयात्कम व्याख्यान से हुई जिसमें उन्होंने डेमन सिस्टम के बारे में विस्तृत जानकारी छात्रों को दी। कार्यक्रम में इससे संबंधित लेक्चर, केस चचाओं और लाइव वीडियो के प्रदर्शन की मदद से डेमन सिस्टम समझाया गया। इसके बाद डेमन सिस्टम का उपयोग करते हुए वक्ता द्वारा इलाज मे उपयोग किये जाने वाले मेकेनोथेरेपी का प्रदर्शन और उसका विस्तृत विवरण दिया गया। डॉ0 रामचंन्द्र ने सबसे जटिल विषयों को सरल बनाया जिससे सभी छात्रों को इस नई तकनीक को समझने मे कोई कठिनाई नही हुई, जहां प्रत्येक छात्र को इसकी उपयोगिता को सीखने का बेहतर तथा आसान अनुभव प्राप्त हुआ।







इस कार्यक्रम का उद्देष्य सभी प्रतिभागियों का मार्गदर्षन तथा उनके अनुभव को बढ़ाना।डॉ0 रामचंन्द्र ने आईटी एस ग्रुप के चेयरमैन आरपी चड्ढा और वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया।